This question paper contains 8+2 printed pages]

आपका अनुक्रमांक........................

220

**B.A. (Programme)/I Sem.** **B**

HINDI LANGUAGE (B)—Paper IA

(आधुनिक भारतीय भाषा : हिंदी 'ख')

(प्रवेश-वर्ष 2011 और तत्पश्चात्)

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं । किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) किसी भी अनौचित्यपूर्ण काम को करने से सदाचारी हृदय के भाव शांत नहीं रह सकते । उस कार्य के समाप्त होने के अनंतर उस हृदय में आंदोलन होता है, दु:ख होता है, अशांति उत्पन्न होती है, अनुताप अथवा पश्चाताप होता है । मनोवैज्ञानिकों की दृष्टि में अनुताप कुछ भी हो,

P.T.O.

किन्तु हमारे लिए तो अनुताप वह वस्तु है, जो मानव हृदय को उत्तरोत्तर उन्नत करती चली जाती है । स्वीकृति और अनुताप—ये दो वस्तुएँ ऐसी हैं जो हृदय को बल देती हैं । यदि हमसे कोई भूल हो जाए और उस भूल को हम स्वीकार कर लें, यदि हमसे कोई अपराध हो जाए और हम उसे मान लें, यदि हमारे हृदय में धड़कन उत्पन्न न हो कि हमारे दोष स्वीकार कर लेने से हम लोगों की दृष्टि में गिर जाएँगे, तो उस दिन हम समझेंगे कि आज हमारी विजय का दिवस है । दोषों के स्वीकार कर लेने से हम अपने आत्मबल का परिचय देते हैं ।

(*i*) अनौचित्यपूर्ण कार्य करने के उपरान्त सदाचारी हृदय के भाव शान्त क्यों नहीं रहते ?

(*ii*) 'अनुताप वह वस्तु है, जो मानव हृदय को उत्तरोत्तर उन्नत करती चलती है ।' आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*iii*) विलोम शब्द लिखिये :

सदाचारी, अनौचित्य, विजय ।

(ख) दु:ख और सुख तो मन के विकल्प हैं । सुखी वह है जिसका मन वश में है, दु:खी वह है जिसका मन परवश है । परवश होने का अर्थ है खुशामद करना, दाँत निपोरना, चाटुकारिता, हाँ हजूरी । जिसका मन अपने वश में नहीं है, वह दूसरे के मन का छंदावर्तन करता है, अपने को छिपाने के लिए मिथ्या आडम्बर रचता है, दूसरों को फँसाने के लिए जाल बिछाता है । कुटज इन सब मिथ्याचारों से मुक्त है । वह वशी है । वह वैरागी है । राजा जनक की तरह संसार में रहकर, सम्पूर्ण भोगों को भोगकर भी उनसे मुक्त । जनक की ही भाँति वह घोषणा करता है– मैं स्वार्थ के लिए अपने मन को सदा दूसरे के मन में घुसाता नहीं फिरता, इसलिए मैं मन को जीत सका हूँ।

(*i*) 'दु:ख और सुख मन के विकल्प है'–आशय स्पष्ट कीजिए ।

(*ii*) मन को वश में करने का क्या अर्थ है ?

(*iii*) अनुच्छेद में आये **तीन** मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(ग) मैं अपने को बहुत ऊँचा महसूस करने लगा था । अपने परिवार और सम्बन्धियों के बड़प्पन तथा शान-बान पर मुझे सदा गर्व रहा है । अब मैं मुहल्ले के लोगों को पहले से भी तुच्छ समझने लगा । मैं किसी से सीधे मुँह बात नहीं करता । किसी की ओर ठीक से देखता भी नहीं था । दूसरे के बच्चों को मामूली-सी शरारत पर डाँट–डपट देता । कई बार पड़ोसियों को सुना चुका था- जिसके पास कलेजा है, वही आजकल नौकर रख सकता है । घर के सवांग की तरह रहता है । निर्मला भी सारे मुहल्ले में शुभ सूचना दे आयी थी—आधी तनखाह तो नौकर पर ही खर्च हो रही है, पर रुपया-पैसा कमाया किसलिए जाता है ? ये तो कई बार कह ही चुके थे कि तुम्हारे लिए दुनिया के किसी कोने से नौकर जरूर लाऊँगा···· वही हुआ ।

(*i*) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? उसके लेखक का नाम भी बताइये ।

(*ii*) नौकर रखते ही लेखक का आचरण किस प्रकार परिवर्तित हो गया ?

(*iii*) निर्मला ने मुहल्ले में क्या सूचना दी । 9+9=18

2. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

(*i*) सामान्य जन का प्रतीक 'शिव शम्भु' लार्ड कर्जन को क्या कहना चाहता है ? (शिवशंभु के चिट्ठे और ख़त)

(*ii*) अनुताप की महिमा पर विचार कीजिए ।

(अनुताप की महिमा)

(*iii*) लेखक के अनुसार कुटज किन गुणों से सम्पन्न है ?

(कुटज)

(*iv*) 'आपदा लोगों को संगठित करती है ।' फिर उस नर्मदा मैया की जय ! के आधार पर विचार कीजिए ।

(फिर उस नर्मदा मैया की जय)

(*v*) 'दया' और 'करुणा' में अंतर स्पष्ट कीजिए ।

(नैतिकता का स्रोत)

3. 'परख' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×2=10

(*i*) सत्यधन पर किन विचारकों का प्रभाव पड़ा ?

(*ii*) सत्यधन ने वकालत छोड़ने का निर्णय क्यों लिया ?

(*iii*) परख उपन्यास में आप किसे नायक मानते हैं ? और क्यों ?

(*iv*) कट्टो का नाम किसने रखा और क्यों ?

(*v*) 'दुनिया स्त्री पर टिकी है' से लेखक का क्या अभिप्राय है ?

(*vi*) 'परख के माध्यम से लेखक ने भारतीय विधवा जीवन का चित्रण किया है ।' स्पष्ट कीजिए ।

(*vii*) भगवद्दयाल के माध्यम से प्रेम और विवाह सम्बन्धी विचारों पर प्रकाश डालिये ।

**अथवा**

'दस तस्वीरें' पुस्तक के आधार पर किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(*i*) फ्राइडे क्लब की सबसे अधिक उपयोगिता क्या थी ?

(जीवन-निर्माता : अध्यापक अमरनाथ झा)

(ii) श्रीरंगम थियेटर के भवन की विशेषताओं पर प्रकाश डालिये ।

(मतवाला कलाकार : शिशिर भादुड़ी)

(iii) 'लार्ड' ने सूचना प्रसारण मंत्रालय की किन योजनाओं को पूर्ण किया ?

(अफ़सर जो विलक्षण अपवाद था : पुरुषोत्तम मंगेश लाड)

(iv) युवक पीयर्स का भारतवर्ष पहुँचने का उद्देश्य क्या था ?

(आस्थावान अंग्रेज शिक्षक—एफ.जी. पीयर्स)

(v) पन्नालाल घोष ने बांसुरी को शास्त्रीय संगीत के उपयुक्त कैसे बनाया ?

(विराट स्वर का विधायक : पन्नालाल घोष)

(vi) नाना देशों और समाज में विचरण करने पर सुधीन्द्रनाथ दत्त को क्या उपलब्धि हुई ?

(द्रष्टा, कर्ता और कवि : सुधीन्द्रनाथ दत्त)

(*vii*) शिक्षा के क्षेत्र में लक्ष्मीनारायण मिश्र के कौनसे **तीन** सिद्धान्त थे ? (मेरे पिता : लक्ष्मीनारायण माथुर)

4. किसी **एक** का पल्लवन कीजिए : 4

(*i*) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत ।

(*ii*) करत–करत अभ्यास के ज़ड़मति होत सुजान ।

(*iii*) संगठन में शक्ति है ।

5. संक्षेपण किसे कहते हैं ? संक्षेपण के गुणों पर प्रकाश डालिये ।

**अथवा**

कार्यालयी हिंदी और अखबारी हिंदी में अन्तर स्पष्ट कीजिए । 4

6. किसी **एक** विषय पर विचार कीजिए :

(*i*) दिल्ली मैट्रो ।

(*ii*) टेलीविजन के धारावाहिकों में स्त्री की छवि ।

(*iii*) मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना । 8

7. किसी एक स्थिति/घटना का चित्रण कीजिए :

(*i*) कॉलेज का प्रथम दिन

(*ii*) दिल्ली की बरसात और ट्रैफिक जाम । 7

8. कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए : 6

(*i*) जो मनुष्य विद्वान होता है, उसका सभी आदर करते हैं ।

(साधारण वाक्य)

(*ii*) दिन-रात परिश्रम करने पर भी मज़दूर को भरपेट रोटी नहीं मिलती । (संयुक्त वाक्य)

(*iii*) वर्षा शुरू होते ही बच्चे घर से बाहर निकलकर खेलने लगे।

(मिश्र वाक्य)

(*iv*) सरकार द्वारा शिक्षा पर बहुत व्यय किया जाता है ।

(कर्तृवाच्य)

(*v*) सिपाही ने चोर को पकड़ा । (कर्मवाच्य)

(*vi*) वह शान्त नहीं बैठ सकता । (भाववाच्य)

9. विलोम शब्द लिखिये :

आग्रह, अतिवृष्टि, प्रत्यक्ष, कृतज्ञ, वरदान, मुख्य । 3

10. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिये : 3

(*i*) अमृत

(*ii*) कमल

(*iii*) जल ।